दैनिक
न्याय साक्षी



## महत्वपूर्ण एवं खास

### ओमिक्रॉन को लेकर छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य विभाग अलर्ट, महाराष्ट्र से आने वाले लोगों की विशेष निगरानी के दिए निर्देश

**रायपुर (आरएनएस)।** देश में कोरोना के नए वेरिएंट ओमिक्रॉन के मामले बढ़ रहे हैं। इस बीच छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य विभाग भी अलर्ट मोड पर आ गई है। स्वास्थ्य विभाग ने महाराष्ट्र से आने वाले लोगों की विशेष निगरानी के निर्देश दिए हैं। स्वास्थ्य विभाग ने जिला स्तर पर कलेक्टर और सीएमचओ अलर्ट रहने के निर्देश दिए हैं। वहीं ओमिक्रोन प्रभावित राज्यों से आने वालों की जांच होगी। दूसरी ओर अस्पतालों में भी तैयारियां शुरू कर दी है। देश में ओमिक्रॉन के मामले बढ़कर 112 तक पहुंच गए हैं। दिल्ली में 24 घंटों के भीतर ही मामले दोगुने हो गए। हालांकि ठीक होने वालों की संख्या भी ज्यादा है। बता दें भारत के अलावा अन्य देशों में ओमिक्रॉन के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं।

### हड़ताल पर जा रहे जीवनदीप समिति के कर्मचारी

**कोरबा।** जिला अस्पताल में पदस्थ जीवनदीप समिति के कर्मचारी जल्द ही अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने वाले हैं। उनकी मांग है कि उनके वेतन में वृद्धि की जाए कलेक्टर दर पर वेतन दिया जाए इसके साथ ही मेडिकल कॉलेज के रिक्त पदों पर भर्ती करने के लिए उन्हें प्राथमिकता दी जाए। इस संबंध में उन्होंने राजस्व मंत्री, कोरबा सांसद ज्योत्सना महंत सहित कलेक्टर एसपी से मांगों को पूरा करने की गुहार लगाई लेकिन उनकी समस्या को लेकर किसी ने गंभीरता नहीं दिखाई। यही वजह है कि वे अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जा रहे हैं।

### जुए के फड़ पर छापा, 8 गिरफ्तार

**कोरबा।** कोरबा जिला में जुए के खिलाफ पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में कोरबा जिले की विशेष पुलिस के दल ने पसान के ग्राम अडसरा के जंगल में चल रहे जुए के फड़ पर छापा मारा और 8 जुआरियों को गिरफ्तार किया। जुआरियों के पास से पुलिस ने 6 बाइक 19310 रुपये की जब्ती बनाया है। बताया जा रहा है कि पसान थाना क्षेत्र में चिरमिरी, अनूपपुर व कोरिया के लगभग 35 जुआरी जुआ खेल रहे थे और ताश की महफिल सजी थी। कोरबा की पुलिस को यह बात पता चल गई और कार्रवाई कर दी।

### पिपलावंड गिट्टी खदान में पोकलेन पलटी, एक मजदूर की हुई मौत

**जगदलपुर (आरएनएस)।** जिले के भानपुरी थाना क्षेत्र के पिपलावंड गिट्टी खदान में बीती रात पोकलेन में काम करने के दौरान पोकलेन पलट जाने से एक मजदूर पीलू राम की मौत पोकलेन में दबने से हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कोटेकामा बागमोहलई थाना बस्तर निवासी पीलू राम 23 वर्ष जो त्रिमूर्ति गिट्टी खदान पिपलावंड में करीब 02 वर्षो से गिट्टी खुदाई का काम करता था, बीती रात को भी वह अपने कुछ साथियों के साथ काम कर रहा था, इस दौरान पीलूराम पोकलेन में चढ़कर गिट्टी खुदाई का काम कर रहा था, गढ्ढे के कारण पोकलेन अचानक पलट गया। जिसमें दबने से पीलूराम को गंभीर चोट आई, काम करने वाले साथियो ने घायल को उपचार के लिए मेकॉज लेकर आने के दौरान रास्ते मे ही युवक ने दम तोड़ दिया, अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सको ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# जल्द करें अमृत मिशन का कार्य पूर्ण-कलेक्टर

## कलेक्टर, कमिश्नर व जिला पंचायत सीईओ ने किया एसटीपी व डब्ल्यूटीपी कार्यों का निरीक्षण



**रायगढ़।** अमृत मिशन के तहत वाटर सप्लाई के कार्यों को 15 जनवरी तक पूर्ण करने के निर्देश कलेक्टर भीम सिंह ने दिए। इसी तरह एसटीपी के कार्यों में तेजी लाने और तय समय सीमा के भीतर कार्य को पूर्ण करने की बात कही गई।

कलेक्टर भीम सिंह, निगम कमिश्नर एस जयवर्धन, जिला पंचायत सीईओ रवी मित्तल ने शुक्रवार को शहर में चल रहे एसटीपी व डब्ल्यूटीपी कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान सबसे पहले शनी मंदिर स्थित मरीन ड्राइव में चल रहे पंपिंग स्टेशन व एसटीपी पाइपलाइन कार्य का जायजा लिया। कार्य को जल्द पूर्ण करने और कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर सिंह ने एसटीपी के तहत नदी किनारे प्रस्तावित पाइप लाइन बिछाने के कार्यों की विस्तृत जानकारी ली और एसटीपी के कार्य को तय समय सीमा के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके बाद खर्राघाट पंपिंग पॉइंट का निरीक्षण किया गया। यहां भी कमिश्नर जयवर्धन ने अमृत मिशन कार्य के तकनीकी चीजों की जानकारी कलेक्टर सिंह को दी। इसके बाद गोवर्धनपुर स्थित डब्ल्यूटीपी प्लांट का निरीक्षण किया गया। इस दौरान कलेक्टर सिंह ने स्काडा सिस्टम ऑटोमेशन वर्क की जानकारी ली। टेक्नीशियन ने बताया कि स्काडा सिस्टम से एक जगह मॉनिटर के माध्यम से ही पूरे वाटर ट्रीटमेंट और सप्लाई सभी कार्यों की मॉनिटरिंग किया जा सकती है। बताया गया कि वाटर की गुणवत्ता की जांच, गुणवत्ता के लिए जरूरी केमिकल और गुणवत्ता के साथ अंतिम छोर तक की सप्लाई को एक ही जगह से मॉनिटरिंग की जा सकती है। इस दौरान मॉनिटर में सभी कार्यों की विस्तृत जानकारी कलेक्टर भीम सिंह ने ली। इसके बाद प्लांट के केमिकल हाउस का निरीक्षण किया गया। यहां केमिस्ट से वाटर की गुणवत्ता और गुणवत्ता की जांच से संबंधित जानकारी ली गई। वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में नदी से पानी लेने के साथ ट्रीटमेंट करने, केमिकल मिलान और उच्च गुणवत्ता में पानी को परिवर्तित करने से संबंधित सभी भागों का निरीक्षण कर कार्यों की जानकारी कलेक्टर सिंह ने ली। इस दौरान डब्ल्यूटीपी के शेष कार्यों को जल्द पूर्ण करने के निर्देश कलेक्टर सिंह ने दिए। निरीक्षण के दौरान निगम कार्यपालन अभियंता नित्यानंद उपाध्याय, उप अभियंता ऋषि राठौर, पीएमसी डिप्टी टीम लीडर संदीप हटवार सहित अमृत मिशन के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### मैरीन ड्राइव कंक्टिविटी पर राहगीरों से ली राय

इस दौरान खर्रा घाट से गुजरने वालो राहगीरों से कलेक्टर ने चर्चा की। कलेक्टर सिंह को राहगीर नरेश कुमार ने बताया कि मैरीन ड्राइव के विस्तार से गोवर्धनपुर-उर्दना की दूरी कम हो जाएगी, जिससे रोजाना दूरी तय करने वाले लोगों को काफी राहत मिलेगा।

### चोर ने की सूने से 5 लाख की चोरी, सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंची खरसिया पुलिस

**खरसिया।** दिनांक 17-18/122021 के मध्य रात्रि खरसिया थाना क्षेत्र अंतर्गत गौशाला मदनपुर रोड स्थित गजानंद अग्रवाल ओम प्रकाश अग्रवाल 50 वर्ष के सुने मकान में अज्ञात चोर घर में घुसे थे । पड़ोसियों द्वारा बंद मकान से आवाज आती सुनकर मकान स्वामी गजानन अग्रवाल को सूचना दिए गजानन अग्रवाल द्वारा पुलिस को सूचना देते हुए पड़ोसियों के साथ मकान में पहुंचे । तत्काल खरसिया पुलिस की गश्त पार्टी मौके पर पहुंचकर मकान आसपास और क्षेत्र पर घेराबंदी किये। चोरों को पुलिस के आने की भनक लगते पर घर के अन्य रास्ते से होते हुए भाग गए । मकान मालिक द्वारा नगदी लगभग 5 लाख रुपए अज्ञात चोर ले जाना बताया गया है, जबकि घर में सोने चांदी के अन्य जेवरात भी थे। जिसे पुलिस के आ जाने से चोरी करने में असफल रहे ।

गजानन अग्रवाल बताए कि दिनांक 17-12-2021 के दोपहर पुराने घर में ताला लगाकर अपने नये मकान में खाना खाकर टीवी देख रहे थे, तभी पड़ोसी सूचना दिए थे । खरसिया पुलिस अज्ञात आरोपी पर नकबजनी का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

## घाटी में रेलिंग को तोड़ते हुए 150 फीट खाई में गिरी ट्रेलर, मौके पर ड्राइवर और हेल्पर की मौत



**जशपुर (आरएनएस)।** गुमला कटनी नेशनल हाईवे पर गुरुवार की रात करीब डेढ़ बजे जशपुर कुनकुरी के बीच जशपुर की ओर से जा रही एक ट्रेलर लोरो घाटी के तीसरे मोड़ पर साइड रेलिंग को तोड़ते हुए करीब 150 फीट खाई में नीचे जा गिरी। इस हादसे में ट्रेलर में सवार ड्राइवर और हेल्पर की मौके पर ही मौत हो गई।

दुलदुला थाना प्रभारी संतोष सिंह ने बताया कि लोरो घाटी शिव मंदिर के पास राजस्थान का ट्रेलर जो जशपुर की ओर से आ रहा था वह 150 फीट खाई में जा गिरा। दुर्घटना में हेल्पर भंवरलाल और ट्रेलर ड्राइवर सूजेलाल की मौके पर ही मौत हो गई। दोनों राजस्थान के रहने वाले हैं।

## गोदेरास के जंगल में हुई मुठभेड़ दो ईनामी महिला नक्सली ढेर

**» दो पिस्टल, एक देसी कट्टा, विस्फोटक सामाग्री और कैम्प सामाग्री बरामद**



**दंतेवाड़ा (आरएनएस)।** जिले के अरनपुर थाना क्षेत्र अंर्तगत गोदेरास के जंगल में आज सुबह करीबन 05.30 बजे डीआरजी के जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है। इस मुठभेड़ में जवानों ने दो ईनामी महिला नक्सलियों मलांगेर एरिया कमिटी की सदस्य 05 लाख रुपये के ईनामी हिड़मे कोहराम एवं सीएनएम इंचार्ज 01 लाख रुपये की ईनामी नक्सली पोज्जे को मार गिराया है। जवानों ने मौके से मारे गए दोनो महिला नक्सलियों के शव के साथ हथियार और अन्य सामग्री भी बरामद किया है। दंतेवाड़ा एसपी डॉ.अभिषेक पल्लव ने इस मुठभेड़ के दौरान और भी नक्सलियों के घायल होने की आशंका जताई है।

दंतेवाड़ा एसपी डॉ.अभिषेक पल्लव ने बताया कि शुक्रवार की देर रात मुखबिर से गोदेरास के जंगलों में 60 से 70 की संख्या में नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी। सूचना पर डीआरजी की एक टीम को मौके पर के लिए रवाना किया गया था। डीआरजी की टीम ने मौके पर पहुंचकर ईलाके की घेराबंदी के दौरान नक्सलियों ने जवानों को देख लिया। जिसके बाद नक्सलियों ने जवानों पर फाईरिंग शुरू कर दी, हमला होता देख जवानों की जवाबी कार्रवाई में दो महिला नक्सली मारी गई। जवानों को भारी पड़ता देख नक्सली घने जंगलों का फायदा उठाकर भाग निकले।

मुठभेड़ के बाद ईलाके की सर्चिंग में जवानों ने मारे गए दो महिला नक्सलियों का शव बरामद कर लिया है। मारे गए महिला नक्सली की शिनाख्त मलांगेर एरिया कमिटी की सदस्य 05 लाख रुपये के ईनामी हिड़मे कोहरामे के रूप में हुई है। वहीं मारी गई दूसरी महिला नक्सली की पहचान निलवाया एरिया के मलांगेर एरिया कमिटी की सीएनएम इंचार्ज और 01 लाख रुपये ईनामी नक्सली पोज्जे के रूप में हुई है। वहीं मौके पर से जवानों ने दो पिस्टल, एक देसी कट्टा, विस्फोटक सामाग्री, कम्युनिकेशन डिवाइस और कैम्प सामाग्री बरामद किया है।

## राज्य की जनसंख्या में अन्य पिछड़े वर्ग एवं आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्तियों के सर्वेक्षण का कार्य 15 जनवरी तक पूर्ण करने के निर्देश

**» छत्तीसगढ़ क्वांटिफायबल डाटा आयोग के अध्यक्ष ने अधिकारियों को दिए निर्देश**

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ क्वांटिफायबल डाटा आयोग के अध्यक्ष सी.एल. पटेल ने राज्य की जनसंख्या में अन्य पिछड़े वर्ग एवं आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्तियों के सर्वेक्षण का कार्य निर्धारित अवधि में पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं।

आयोग द्वारा 15 जनवरी 2022 तक सर्वेक्षण का कार्य पूर्ण करने की तिथि निर्धारित की गई है। छत्तीसगढ़ क्वांटिफायबल डाटा आयोग के अध्यक्ष द्वारा 17 दिसम्बर को ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्र के अधिकारियों तथा चिप्स के अधिकारियों के साथ आयोजित समीक्षा बैठक में इस आशय के निर्देश दिए गए।

राज्य की जनसंख्या में अन्य पिछड़े वर्ग एवं आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्तियों के सर्वेक्षण का कार्य 1 सितंबर 2021 से प्रारंभ किया गया है, जिसमें प्रथम समयबद्ध कार्यक्रम अनुसार 12 अक्टूबर 2021 तक अंतिम तिथि निर्धारित थी परन्तु आयोग द्वारा कार्यों की समीक्षा किये जाने पर सर्वेक्षण कार्य पूरा नहीं होने के कारण प्रथम बार 30 अक्टूबर 2021 तक तथा द्वितीय बार 30 नवम्बर 2021 तक तिथि बढ़ाई गई। विभिन्न कारणों से कार्य पूरा नहीं होने के कारण इस तिथि पुनः 15 जनवरी 2022 तक बढ़ायी गई है।

आयोग के सचिव से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में बलीदाबाजार में 18 ग्राम, गरियाबंद में 77 ग्राम, महासमुन्द में 34 ग्राम, बालोद में 117 ग्राम, बस्तर में 8 ग्राम, बिलासपुर में 166 ग्राम, सूरजपुर में 267. बलरामपुर में 19 ग्राम, गौरला-पेण्ड्रा-मरवाही में 50 ग्राम, कबीरधाम में 431 ग्राम, दुर्ग में 100 ग्राम, कोरबा में 113 ग्राम, जाजगीर-चांपा में 222 ग्राम, रायगढ़ में 199 ग्राम, सरगुजा में 69 ग्राम में सर्वेक्षण का कार्य आज की स्थिति में अपूर्ण है। आयोग के अध्यक्ष द्वारा बैठक में उपस्थित अधिकारियों को सर्वेक्षण का कार्य हर हाल में निर्धारित अवधि में पूर्ण करने के निर्देश दिये।

इसी प्रकार नगरीय निकाय क्षेत्रों के अंतर्गत सभी निकायों की औसत प्रगति दुर्ग जिला 56त्न, कोरिया जिला 59त्न, बस्तर 65त्न, दन्तेवाड़ा 68त्न, कोरवा 79त्न, शेष 11 जिलों में प्रगति 80त्न से 95 प्रतिशत हो पाई है। विशेषकर बड़े क्षेत्र जैसे मिलाई चरोदा नगर निगम में 28त्न, दुर्ग नगर निगम 28त्न, मिलाई नगर निगम 12त्न, कोरबा 57त्न, बिलासपुर नगर निगम 73त्न, रायगढ़ नगर निगम 71त्न, चिरमिरी नगर निगम 24 प्रतिशत, जगदलपुर 39त्न तक की प्रगति हो पाई है। इसी प्रकार नगर पालिका क्षेत्रों में धमधा में 27त्न, पत्थलगांव 58त्न, केशकाल में 55त्न, किरंदुल में 50त्न, गीदम में 56 प्रतिशत, सक्ती में 70त्न तक की प्रगति हो पाई है। अतः नगरीय निकाय क्षेत्रों में भी संतोषजनक प्रगति नहीं हुई है। इस संबंध में आयोग द्वारा नगरीय क्षेत्र एवं ग्रामीण क्षेत्र के राज्य नोडल अधिकारियों को निर्धारित अवधि तक सर्वेक्षण पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया गया है।

## 5 लाख 39 हजार 440 हेक्टेयर में हो चुकी है दलहन फसलों की बोनी



**रायपुर (आरएनएस)।** राज्य में रबी सीजन की अन्य फसलों के साथ-साथ दलहनी फसलों की बुआई तेजी से जारी है। राज्य में इस साल रबी सीजन में 8 लाख 73 हजार 430 हेक्टेयर में दलहनी फसलों की बोनी के लक्ष्य के विरूद्ध अब तक 5 लाख 39 हजार 440 हेक्टेयर में विभिन्न प्रकार की दलहनी फसलों की बोनी की जा चुकी है, जिसमें सर्वाधिक 2 लाख 45 हजार 900 हेक्टेयर रकबा तिवड़ा की बोनी का शामिल है।

कृषि विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य में अब तक चना की बोनी 2 लाख 11 हजार 890 हेक्टेयर में, मटर की 28 हजार 230 हेक्टेयर में, मसूर की 17 हजार 370 हेक्टेयर में, मूंग की 6 हजार 260 हेक्टेयर में, उड़द की 3 हजार 920 हेक्टेयर में, तिवड़ा की 2 लाख 45 हजार 900 हेक्टेयर में, कुल्थी की 20 हजार 480 हेक्टेयर में तथा अन्य दलहनी फसलों की 5 हजार 390 हेक्टेयर में बुआई हो चुकी है, जो कि इस साल बुआई के लक्ष्य का 62 प्रतिशत है।

## प्रदेश में उत्तर से आ रही शुष्क व ठंडी हवाओं से पड़ेगी कड़ाके की ठंड

**» कहीं-कहीं छायेगा घना कोहरा**



**रायपुर (आरएनएस)।** प्रदेश में उत्तर से शुष्क के साथ ठंडी हवाएं आना शुरू हो गई है, जिससे अब न्यूनतम तापमान में 2 से 4 डिग्री गिरावट आने के साथ प्रदेश में कड़ाके की ठंड पड़ने के साथ कहीं-कहीं घना कोहरा छाये रहने की भी संभावना है।

मौसम वैज्ञानिक एचपी चंद्रा ने बताया कि प्रदेश में उत्तर-पूर्व से हवा आ रही है, वहीं आज से प्रदेश में उत्तर से ठंडी और शुष्क हवाओं का आगमन प्रारंभ होने की संभावना है जिसके कारण मौसम शुष्क रहने के साथ प्रदेश में न्यूनतम में अगले 3 दिनों में 2-4 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट आ सकती है। साथ ही अधिकतम तापमान में गिरावट होगी परन्तु ज्यादा परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। न्यूनतम तापमान में गिरावट आने से प्रदेश में ठंड और बढ़ेगी, वहीं 19 से 21 दिसम्बर को प्रदेश के कुछ स्थानों में हल्का से मध्यम घना कोहरा प्रातःकाल में रहने की प्रबल संभावना है। कोहरा बनने का क्षेत्र मुख्यतः उत्तर छग रहने की संभावना है।

## समय पर नाली निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ, निर्माण एजेंसी को शो-काज नोटिस

**» आयुक्त कुलदीप शर्मा ने शहर का भ्रमण कर विकास व निर्माण कार्योए साफसफाई व पेयजल आपूर्ति व्यवस्था संबंधी कार्यो का किया निरीक्षण**



**कोरबा।** निर्धारित समय पर नाली का निर्माण कार्य पूरा न होने तथा कार्य की धीमी कार्यप्रगति को गंभीरता से लेते हुए आयुक्त कुलदीप शर्मा ने आज संबंधित निर्माण एजेंसी को कारण बताओ नोटिस जारी के साथ ही कार्य प्रगति में तेजी लाने के निर्देश अधिकारियों के दिए। उन्होने निर्माण कार्यो की गुणवत्ता एवं समयसीमा में कार्यो की पूर्णता पर विशेष ध्यान देने, साफ सफाई कार्यो की सतत मानीटरिंग करनेए सड़कों के किनारे व नालियों में उगी झाड़ियों की सफाई कराने आदि के निर्देश भी अधिकारियो को दिए।

आयुक्त कुलदीप शर्मा ने आज कोरबा शहर के पंण्रविशंकर शुक्ल जोनए कोसाबाड़ी व टीण्पीण्नगर जोन के विभिन्न वार्डो स्लम बस्तियों का अधिकारियों की टीम के साथ दौरा किया। प्रातः 08 बजे से भ्रमण पर निकले आयुक्त शर्मा ने वार्डो में चल रहे विकास कार्यो सहित साफसफाई व पेयजल आपूर्ति व्यवस्था से जुड़े कार्यो का सघन रूप से निरीक्षण करते हुए कार्यो की बेहतरी हेतु अधिकारियों को मार्गदर्शन व आवश्यक दिशा निर्देश दिए। महाराणा प्रताप चौक से गुरूघासीदास चौक की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग पर निगम द्वारा नाली का निर्माण कराया जा रहा है, आयुक्त शर्मा ने उक्त कार्य का निरीक्षण कर कार्य की गुणवत्ता का परीक्षण कियाए उन्होने उक्त नाली निर्माण कार्य को निर्धारित समय पर पूरा न करने एवं कार्य की धीमी कार्यप्रगति को गंभीरता से लेते हुए संबंधित निर्माण एजेंसी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इसी प्रकार कुआंभट्ठा स्लम बस्ती में भी निगम द्वारा नाली व सीमेंट कांक्रीट पेविंग का निर्माण कराया जा रहा है, आयुक्त कुलदीप शर्मा ने उक्त कार्य का निरीक्षण किया एवं कार्य में तेजी लाकर समयसीमा में कार्य पूरा करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। नेहरूनगर आवासीय कालोनी में सीवर लाईन व सेप्टिक टैंक निर्माण के पूर्ण किए गए कार्य का भी उन्होने निरीक्षण किया तथा कार्य की गुणवत्ता को देखा। नेहरूनगर आवासीय कालोनी में भवन विध्वंस अपशिष्ट को एक व्यक्ति द्वारा सड़क के किनारे डम्प किया गया थाए आयुक्त शर्मा ने संबंधित के विरूद्ध नियमानुसार अर्थदण्ड लगाने एवं अपशिष्ट को वहॉ से उठवाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

**सड़क डिवाईडरों पर पेंटिंग कराएं.-** आयुक्त शर्मा ने घंटाघर से महाराणा प्रताप चौक बुधवारी तक एवं सीएसईबी चौक से कोरबा शहर मुख्य मार्ग में स्थित रोड डिवाईडरों में ब्लैक.यलो तथा ब्लैक.व्हाईट कलर की पेटिंग करानेए डिवाईडरों के ऊपरी हिस्सों की सफाई करानेए डिवाईडरों में लगाए गए पौधों को समय पर पानी देने एवं उनकी निरंतर देखरेख करने, चौक.चौराहों आदि के सौदंर्यीकृत कार्यो व व्यवस्थाओं का नियमित संधारण करने आदि के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होने सड़कों के किनारे एवं नालियों के ऊपर उगी हुई झाड़ियों को हटाने तथा स्वच्छता बनाए रखने के संबंध में भी अधिकारियों का मार्गदर्शन किया।

**स्लम बस्तियों की स्वच्छता पर फोकस-** आयुक्त कुलदीप शर्मा ने भ्रमण के दौरान कुआंभट्ठा स्लम बस्तीए गेरवाघाट स्लम बस्तीए पन्द्रह ब्लाक स्थित झरनापारा बस्ती सहित अन्य स्लम बस्तियों का दौरा किया। उन्होने स्लम बस्तियों की स्वच्छता एवं वहॉ के साफसफाई संबंधी कार्यो का सघन रूप से निरीक्षण कियाए नालियों की निर्धारित समय पर सफाई, कचरे का तुरंत उठाव आदि के निर्देश देते हुए आयुक्त कुलदीप शर्मा ने बस्तीवासियों से चर्चा कर साफसफाई व डोर.टू.डोर अपशिष्ट संग्रहण संबंधी कार्यो की जानकारी ली।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480